संपादकीय

# कारोबारी करार की तलाश

जिस समय जर्मनी गहरे आर्थिक संकट में है, लागत पदार्थों की महंगाई ने उत्पादों को भी महंगा बना दिया है, और अनेक कंपनियां जर्मनी छोड़ कर अपने प्रोजेक्ट अमेरिका ले जा रही हैं, ऐसा लगता है कि जर्मन चांसलर शोल्ज ने भारत से उम्मीद जोड़ी।

यह साफ है कि जर्मनी के चांसलर ओलोफ शोल्ज भारत में सौदों की तलाश में आए थे। इसमें उन्हें कितनी सफलता मिली, इसकी जानकारी तुरंत हासिल नहीं हो सकी है। लेकिन उनकी यात्रा के दौरान यह बात खूब चर्चित रही कि शोल्ज का मकसद अपने रक्षा उद्योग के लिए भारत से करार करना है। खास कर वे जर्मन पनडुब्बी भारत को बेचने के मकसद से आए थे। इस बारे में कोई साफ घोषणा तो नहीं हुई, लेकिन मीडिया में अनुमान लगाए गए कि अगर शोल्ज अपने मिशन में कामयाब रहे, तो जर्मन कंपनियों को सात अरब डॉलर का कारोबार मिल सकता है। जिस समय जर्मनी गहरे आर्थिक संकट में है, लागत पदार्थों की महंगाई ने उत्पादों को भी महंगा बना दिया है, और अनेक कंपनियां जर्मनी छोड़ कर अपने प्रोजेक्ट अमेरिका ले जा रही हैं, ऐसा लगता है कि शोल्ज ने भारत से उम्मीद जोड़ी। पश्चिमी मीडिया ने चीन विरोधी माहौल बनाने के क्रम में भारत को लेकर एक रूमानी छवि इस समय दुनिया में प्रचारित की हुई है।

ऐसा संकेत दिया गया है कि भारत इतने बड़े बाजार के रूप में उभरेगा कि वह पश्चिमी अर्थव्यवस्था को संभाल लेगा। तो शोल्ज भारत के लिए कुछ प्रस्ताव लेकर आए। इनमें एक यह है कि जर्मनी भारतीय आईटी इंजीनियरों के लिए अपने यहां आना आसान करेगा। सूचना प्रौद्योगिकी के जानकार कुशल कामगारों के लिए जर्मनी का वीजा पाना और आसान बनाया जाएगा और वे अपने परिवारों को भी ले जा सकेंगे। भारत यात्रा के दूसरे दिन शोल्ज बेंगलुरू में एक कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां इस संबंध में घोषणा की। उसके बाद बताया गया कि अब जर्मनी का वीजा पाने के लिए जर्मन भाषा की जानकारी के नियम को आसान किया जा सकता है। जर्मन विशेषज्ञों ने कहा है कि जर्मनी भारत के साथ व्यापार और सामरिक रिश्ते मजबूत करने को उत्सुक है, ताकि उसे जर्मनी पर निर्भरता से मुक्ति मिल सके। फिलहाल, जर्मनी भारत में नौवां सबसे बड़ा निवेशक है। अप्रैल 2000 से सितंबर 2022 के बीच उसने भारत में करीब 14 अरब डॉलर का निवेश भारत में किया है।

# दक्षिण अफ्रीका के क्रेग फुल्टन बने भारतीय पुरूष हॉकी टीम के नए कोच

नई दिल्ली



तोक्यो ओलंपिक चैम्पियन बेल्जियम के सहायक कोच रहे दक्षिण अफ्रीका के क्रेग फुल्टन भारतीय पुरूष हॉकी टीम के नये कोच होंगे।

भुवनेश्वर और राउरकेला में जनवरी में हुए विश्व कप में भारतीय टीम के क्वार्टर फाइनल तक भी नहीं पहुंच पाने के बाद तत्कालीन कोच ग्राहम रीड ने इस्तीफा दे दिया था। रीड के कोच रहते ही भारत ने तोक्यो ओलंपिक में 41 वर्ष बाद कांस्य पदक जीता था।

हॉकी इंडिया ने 10 मार्च से एफआईएच हॉकी प्रो लीग के घरेलू मैचों से पहले शुक्रवार को यह घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका के 48 वर्ष के फुल्टन को करीब 25 साल कोचिंग का अनुभव है और वह औपचारिकतायें पूरी करते ही टीम से जुड़ेंगे।

48 वर्ष के फुल्टन तोक्यो ओलंपिक 2020 में खिताब जीतने वाली बेल्जियम टीम के सहायक कोच रहे हैं। वह भुवनेश्वर में 2018 विश्व कप जीतने वाली बेल्जियम टीम के सहयोगी स्टाफ का भी हिस्सा थे। वह 2014 से 2018 के बीच आयरलैंड की पुरूष टीम के मुख्य कोच रहे जब टीम ने रियो ओलंपिक 2016 के लिये क्वालीफाई किया था। ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने वाली सौ वर्ष में वह पहली आयरिश टीम थी जिसके कारण उन्हें 2015 में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ एफआईएच कोच भी चुना गया।

फुल्टन 2023 में बेल्जियम के सर्वश्रेष्ठ कोच चुने गए क्योंकि उनके कोच रहते बेल्जियम क्लब ने बेल्जियम लीग खिताब जीता।

बतौर खिलाड़ी उन्होंने एक दशक के सफर में दक्षिण अफ्रीका के लिये 195 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के लिये अटलांटा ओलंपिक 1996 और एथेंस ओलंपिक 2004 के अलावा विश्व कप और राष्ट्रमंडल खेलों में भी हिस्सा लिया।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने यहां जारी एक बयान में फुल्टन की नियुक्ति का स्वागत करते हुए कहा, मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हॉकी इंडिया ने भारतीय पुरूष टीम के लिये क्रेग फुल्टन को मुख्य कोच चुना है। मैं उनके खिलाफ खेल चुका हूं और अब भारतीय टीम के नये दौर में उनके साथ काम करूंगा।

उन्होंने कहा, उनके पास अपार अनुभव है और उनकी कार्यशैली टीमों में आत्मविश्वास बढाती है। मैं भारत में उनका स्वागत करता हूं।

वहीं फुल्टन ने कहा, भारतीय हॉकी टीम का मुख्य कोच बनना सम्मान की बात है। भारत का हॉकी में सुनहरा इतिहास रहा है और मैं मौजूदा टीम को नयी ऊंचाइयों तक ले जाना चाहता हूं जिसमें कई प्रतिभावान खिलाड़ी हैं।

# डब्ल्यूटीटी कंटेंडर : मनिका और सुतिर्था राउंड 16 में

पणजी

भारतीय महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और सुतिर्था मुखर्जी ने गुरूवार को यहां अपने से ऊंची रैंकिंग की प्रतिद्वंद्वियों को हराकर विश्व टेबल टेनिस कंटेंडर चैम्पियनशिप के अंतिम 16 चरण में प्रवेश किय।

दिन का सबसे बड़ा उलटफेर 20 साल के कोरियाई युवा चो डाएसियोंग के नाम रहा जिन्होंने पुरूष एकल में चीन के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी फान झेनडोंग को हराया।

मनिका ने दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी पुअर्तो रिको की एड्रियाना डायज को 3-1 से शिकस्त दी। भारतीय स्टार ने 11-9, 11-8, 5-11, 11-8 से जीत हासिल की।

मौजूदा रैंकिंग में 146वें स्थान पर काबिज सुर्तिथा ने सुबह के सत्र में दुनिया की 18वें नंबर की फ्रांस की जिया नान युआन को 3-0 (11-7,11-8,11-7) से हराया।

मनिका का सामना अब चीन की दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी कियान तियानी से होगा जबकि सुतिर्था एक और अनुभवी फु यु से भिड़ेंगी जिनकी रैंकिंग 19 है।

मनिका युगल और मिश्रित युगल से बाहर हो गयी। मनिका और अर्चना कामत को युगल क्वार्टरफाइनल में चेंग ई चिंग और लि यु झुन से 1-3 से हार मिली।

वहीं महिला युगल में भारतीय उम्मीद अयहिका और सुतिर्था की जोड़ी के स्वीडन की लिंडा बर्गस्ट्रोम और क्रिस्टिना कालबर्ग से 1-3 से पराजित होने से खत्म हो गयी।

पुरूष युगल में कोरिया के लिम जोंगहून और जांग वूजिन ने भारत के हरमीत देसाई और मानव ठक्कर को 3-1 (12-10,11-8,7-11,11-6) से हराया।

मिश्रित युगल में मनिका और साथियान ज्ञानशेखरन की जोड़ी क्वार्टरफाइनल से बाहर हो गयी। उन्हें जापान की मिवा हारिमोटो और शुनसुके टोगामी से सीधे गेम में 0-3 से हार मिली।

## भारत को 9 विकेट से शिकस्त देकर ऑस्ट्रेलिया ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

**इंदौर।** ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर शृखंला के तीसरे टेस्ट मैच में शुक्रवार को यहां तीन दिन के अंदर भारत को नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर चार मैचों की सीरीज में वापसी की और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में भी अपनी जगह पक्की कर ली।

ऑस्ट्रेलिया ने जीत के लिए मिले 76 रने के लक्ष्य को एक विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। इस जीत के बाद भी ऑस्ट्रेलिया शृखंला में 1-2 से पीछे है। ट्रेविस हेड (नाबाद 49) और मार्नस लाबुशेन (नाबाद 28) ने पारी की शुरुआती ओवरों में मुश्किल परिस्थितियों का सामना करने के बाद 18.5 ओवरों में ऑस्ट्रेलिया को जीत दिला दी। भारत में जीत मेहमान टीमों के लिए दुर्लभ होती है और ऑस्ट्रेलिया के लिए भी यह अलग नहीं था, जिसने छह साल में भारतीय धरती पर अपनी पहली जीत दर्ज की। भारत के लिए पिछले 10 वर्षों में यह केवल तीसरी हार है। टीम को नौ मार्च से अहमदाबाद में शुरू होने वाले अंतिम टेस्ट से पहले अपनी योजनाओं पर फिर से काम करने की आवश्यकता होगी।

# टीम ने परिस्थितियों से डटकर सामना नहीं किया: रोहित

**इंदौर।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में नौ विकेट की शिकस्त को 'एक असामान्य मैच' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि उनकी टीम ने जज्बा और संघर्ष करने की क्षमता का प्रदर्शन नहीं किया।

श्रृंखला में 0-2 से पिछड़ने और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने यहां के होल्कर स्टेडियम में स्पिनरों की मददगार पिच पर यादगार जीत दर्ज करने के साथ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

रोहित ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, जब आप चुनौतीपूर्ण पिचों पर खेल रहे होते हैं तो एक ही जगह पर गेंदबाजी कर आप दबाव बना सकते है। हमने उनके गेंदबाजों को एक जगह गेंदबाजी करने दी। उनके गेंदबाजों को भी श्रेय मिलना चाहिये, खासकर नाथन लियोन को। हमें कोशिश करनी थी और जज्बा दिखाना था लेकिन मुझे लगता है कि हम ऐसा नहीं कर सके।

लियोन ने दूसरी पारी में 64 रन देकर आठ विकेट चटकाये और ऑस्ट्रेलिया के लिए जीत का मार्ग प्रशस्त किया। रोहित ने कहा, आपको एक असामान्य नतीजे वाला मैच मिल सकता है जहां चीजें आपके मुताबिक नहीं होती है। लेकिन फिर भी आपको खिलाडिय़ों को एकजुट कर हौसला बढ़ाने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा, हम चाहते थे कि कुछ खिलाड़ी क्रीज पर समय बिताये, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। हम थोड़े पीछे रह गये और हमने खुद को उस तरह से लागू नहीं किया, जैसा हम चाहते थे।

रोहित ने अहमदाबाद में चौथे टेस्ट के बारे में सोचना शुरू नहीं किया है। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो हमने अभी तक इसके बारे में (अहमदाबाद टेस्ट) नहीं सोचा है। हमने अभी इस टेस्ट को समाप्त किया है इसलिए हमें फिर से एकजुट होने और प्रयास करने की आवश्यकता है। हमें यह समझने की जरूरत है कि एक टीम के रूप में सुधार करना होगा।

ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ जीत के लिए गेंदबाजों को श्रेय देते हुए कहा, हमारे गेंदबाजों ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया, विशेषकर (मैथ्यू) कुहनेमैन ने।

# एनएचपीसी ने सरकार को दिया 997.75 करोड़ रुपए का अंतरिम लाभांश

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के अग्रणी पनबिजली उपक्रम एनएचपीसी ने सरकार को 997.75 करोड़ रुपए के अंतरिम लाभांश का भुगतान किया।

'मिनी रत्न' श्रेणी-एक वर्ग की इस कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आर के विश्नोई ने यहां केंद्रीय विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह को 997.75 करोड़ रुपए के अंतरिम लाभांश भुगतान का बैंक एडवाइस सौंपा। इस अवसर पर विद्युत सचिव आलोक कुमार, मंत्रालय में विशेष सचिव एवं वित्तीय सलाहकार आशीष उपाध्याय तथा मंत्रालय तथा कंपनी के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

एनएचपीसी चालू वित्तीय वर्ष के दौरान सरकार को वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए अंतिम लाभांश के रूप में 356.34 करोड़ रुपए का भुगतान पहले ही कर चुकी है। इस प्रकार कंपनी ने 2022-23 के दौरान सरकार को कुल 1354.09 करोड़ रुपए के लाभांश का भुगतान किया है।

कंपनी के निदेशक मंडल ने सात फरवरी की बैठक में 1.40 रुपए प्रति इच्टिी शेयर अर्थात अंकित मूल्य के 14.00 प्रतिशत की दर से अंतरिम लाभांश घोषित किया था।





एनएचपीसी के पास आठ लाख से अधिक शेयरधारक हैं और वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कुल अंतरिम लाभांश का भुगतान 1406.30 करोड़ रुपए रहा है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए 1818.15 करोड़ रुपये के कुल खर्च के साथ प्रति शेयर 1.81 रुपए के कुल लाभांश का भुगतान किया गया था।

एनएचपीसी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के समाप्त नौ माह में 3264.32 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है जबकि पिछले वर्ष की इस अवधि में यह 2977.62 करोड़ रुपए था। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में 3537.71 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

## एचपीसीएल ने राजधानी में पेश किया कम उत्सर्जन वाला प्रीमियम पेट्रोल



**नई दिल्ली।** हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने कम उत्सर्जन वाला प्रीमियम पेट्रोल 'पावर95' राजधानी में पेश किया है।

एचपीसीएल के विपणन निदेशक अमित गर्ग ने राजधानी में एक पेट्रो पंप पर आयोजित समारोह में बताया कि 'पावर95' पर्यावरण के लिए सुरिक्षत और इंजन के अनुकूल ईंधन का एक नमूना है। इसकी शुरुआत गुरावार को दिल्ली में एक साथ छह पेट्रोल पंप से की गयी है। इस अवसर पर कंपनी के कार्यकारी निदेशक (रिटेल) संदीप माहेश्वरी भी उपस्थित थे।

कंपनी ने कहा है कि 'पावर95' बेहतर माइलेज, तेज़ एक्सलरेशन, स्मूथ ड्राइव और कम उत्सर्जन के साथ 'पावर95' एक बेहतर पेट्रोल सिद्ध होगा।

इसके साथ ही 'पावर95' को शिमला, जम्मू, बठिंडा, जालंधर, चंडीगढ़, पानीपत, हिसार और गुरुग्राम के क्षेत्रीय कार्यालयों में अर्थात पूरे उत्तरी क्षेत्र में पेश किया जा रहा है।

सामान्य पेट्रोल की रेटिंग 91 ऑक्टेन पर की जाती है। उच्च ऑक्टेन ईंधन में नॉकिंग कम होती है, जिसके परिणामस्वरूप ताप क्षमता बढ़ जाती है और ईंधन बेहतर और स्वच्छता से जलती है। एचपीसीएल के शोध विकास केन्द्र बेंगलुरु ने खुद 'पावर95' को विकसित किया है जो कार और बाइक के लिए एक प्रीमियम, उच्च-ऑक्टेन ईंधन है।

# घर पर खुशबूदार परफ्यूम बनाने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके, आसान है प्रक्रिया



परफ्यूम रोजाना इस्तेमाल करने वाले जरूरी उत्पादों में से एक है। इसे लगाने से मूड अच्छा रहता है और इसकी महक से आप दिन भर तरोताजा महसूस कर सकते हैं। कुछ लोग तो परफ्यूम के इतने शौकीन होते हैं कि महंगे से महंगे परफ्यूम खरीद लेते हैं। हालांकि, ऐसा हर कोई नहीं कर सकता है। ऐसे में घर पर ही परफ्यूम बनाना एक बढिय़ा विकल्प है। आइए आज 5 खुशबूदार परफ्यूम बनाने के तरीके जानते हैं।

### फूलों का परफ्यूम

सबसे पहले फूलों की पंखुडिय़ों को धोकर रात भर कपड़े में रखकर पानी में भिगोकर रखें। अब एक पैन पर फूलों की थैली को अच्छे से निचोड़ें। इसके बाद इस पानी को आधा होने तक धीमी आंच पर उबालें। अब इस फूल वाले पानी में ठंडा पानी डालें और फिर इसे बोतल में स्टोर कर लें। इसे सेट होने के लिए रातभर के लिए रख दें। अब आपका फूलों वाला परफ्यूम तैयार है।

### साइट्रस परफ्यूम

इस परफ्यूम को बनाने के लिए एक कटोरे में जोजोबा ऑयल और अल्कोहल डालें। अब इसमें 10 बूंदें अंगूर, 10 बूंदें संतरे के रस और 5 बूंदें लैवेंडर ऑयल की डाल दें। इसके बाद इसमें उबला हुआ पानी मिलाएं। इन सभी सामग्रियों को अच्छी तरह से मिलाने के बाद एक कांच की बोतल में डाल दें। करीब 48 घंटे तक इसे सेट होने के लिए रखें और फिर इस्तेमाल करें।

### वैनिला बीन परफ्यूम बनाने का तरीका

सबसे पहले वैनिला बीन पाउडर को उसे एक बोतल में भरकर रख दें। अब इसमें सूरजमुखी का तेल डाल दें और बोतल को बंद करके दो हफ्ते तक ठंडी और अंधेरे वाली जगह पर रखें। इसके बाद एक कांच की स्प्रे बोतल में बरगामोट, सेडरवुड ऑयल और सौंफ का एसेंशियल ऑयल डालें। अब वैनिला बीन वाले मिश्रण को स्प्रे बोतल में डालकर अच्छे से मिला लें। यह परफ्यूम इस्तेमाल करने के लिए तैयार है।

### नारियल के तेल की मदद से बनाएं परफ्यूम

इस परफ्यूम को बनाने के लिए सबसे पहले एक कांच के जार में नारियल का तेल और मोम डालें। अब एक पैन में थोड़ा सा पानी उबालें और फिर इस पर जार को रख दें। जब मोम अच्छे से पिघल जाए तो इसे गैस से उतारकर 5 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद इसमें अपना मनपसंदीदा एसेंशियल ऑयल डालकर अच्छे से मिला लें। अब यह तैयार है, इसे एक परफ्यूम बोतल में भरकर इस्तेमाल करें।

### गुलाब का परफ्यूम

इसे बनाने के लिए सबसे पहले गुलाब की पंखुडिय़ों को कांच के जार पर रखकर उसमें वोडका डालें। अब एक दिन के लिए इस जार को ढककर रखें। इसके बाद पंखुडिय़ों को चम्मच की मदद से कुचल दें और फिर इसमें उबला हुआ पानी और एसेंशियल ऑयल डालें। अब दोबारा इसे ढककर 1 हफ्ते के लिए छोड़ दें। इसके बाद इसे स्प्रे की बोतल में छान लें और फिर इस्तेमाल करें।

## फाइटर के सेट से सामने आया दीपिका का शानदार लुक



बॉलीवुड फिल्म स्टार दीपिका पादुकोण हाल ही में सुपरस्टार शाहरुख खान स्टारर फिल्म पठान में दिखाई दी थी। अदाकारा पर फिल्म में दमदार एक्शन सीन्स फिल्माए जा चुके है। मूवी तो ब्लॉकबस्टर हुई ही, साथ ही अदाकारा दीपिका पादुकोण के एक्शन सीचेंस की भी बहुत चर्चा का विषय थी।

पठान की बंपर सक्सेस के उपरांत अदाकारा दीपिका पादुकोण एक बार फिर निर्देशक सिद्धार्थ आनंद के साथ उनकी आने वाली मूवी फाइटर में बिजी हो चुकी गई है। इस मूवी को निर्देशक सिद्धार्थ आनंद वॉर स्टार ऋतिक रोशन के साथ बना रहे है। वॉर और पठान की तरह ये भी एक जबरदस्त एक्शन थ्रिलर मूवी है। जिसे लेकर फैंस के मध्य अभी से ही खासा बज है। इन दिनों ये फिल्म शूटिंग स्टेज पर है। जहां अदाकारा दीपिका पादुकोण इस मूवी की शूटिंग का अगला शिड्यूल पूरा करने में लगी हुई है। मूवी के सेट से अदाकारा दीपिका पादुकोण का एक लुक वायरल हो चुका है। जो इस वक्त सोशल मीडिया पर हंगामा मचा रहा है। वायरल हुए इस लुक में अदाकारा दीपिका पादुकोण जैकेट पहने हुए दिखाई दे रहे है। साथ ही वो एक फैन के साथ तस्वीर क्लिक करवाती हुई नजर आई।


## शब्द सामर्थ्य- 359

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 358 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तौं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

## सू-दोकू- 359

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है, जिसमें 9 वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 358 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। किसी महत्वपूर्ण संस्था के साथ जुडऩे का आपको मौका मिल सकता है। जो कि आपके लिए बहुत ही फायदेमंद साबित होगा। आपका मान-सम्मान भी बढ़ेगा।

***वृष :*** आज मान प्रतिष्ठा बढेगी। रूके हुए कार्य पूर्ण होंगे। इस समय दूरदराज की व्यवसायिक पार्टियों से संपर्क स्थापित करें। आपको बाहरी गतिविधियों से महत्वपूर्ण ऑर्डर मिलने के योग बन रहे हैं। इनकम के सोर्स भी अभी कमजोर रहेंगे।

***मिथुन :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। इस समय ग्रह स्थितियां और भाग्य दोनों ही आपके पक्ष में काम कर रहे हैं। समय का भरपूर सदुपयोग करें। संतान के कैरियर संबंधी प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता मिलने से खुशी भरा माहौल रहेगा।

***कर्क :*** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। पारिवारिक सुख मिलेगा। इस समय बिजनेस संबंधी किसी भी काम में पैसा लगाने से परहेज करें। क्योंकि अभी परिस्थितियां अनुकूल नहीं है।

***सिंह :*** आज किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात आपको जीवन की एक नई दिशा प्रदान करेगी। और आप अपने कार्य संबंधी योजनाओं को बेहतरीन तरीके से अंजाम दे पाएंगे। पैतृक प्रॉपर्टी संबंधी मामले सुलझाने के लिए आज समय उचित है।

***कन्या :*** आज जनसंपर्क आपके लिए फायदेमंद साबित होंगे। आत्मविश्वास तथा आत्मबल को मजबूत बनाकर रखें। इस समय आपको कई आर्डर तथा अनुबंध हासिल होने वाले हैं।

***तुला :*** आज आपका दिन मनोहारी रहेगा। बस इस समय भावनाओं के बजाय चतुराई और विवेक से काम लेना स्थितियों को आपके पक्ष में करेगा। संतान प्राप्ति संबंधी भी कोई शुभ सूचना मिल सकती है। जिससे पारिवारिक प्रसन्नता बनी रहेगी।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन मनोनुकूल होगा। व्यवसायिक स्थिति अब बेहतर हो रही है। थोड़ी बहुत परेशानियां आएंगी लेकिन इनकी वजह से कोई भी काम नहीं रुकेगा। कार्यक्षेत्र की आंतरिक गतिविधियों पर ध्यान रखना जरूरी है।

***धनु :*** आज आपका समय सावधान रहने का है। कार्यालय अथवा दुकान के स्टाफ पर कड़ी नजर अवश्य रखें, इनकी मिली भगत आपके लिए नुकसानदायक हो सकती है। अपने महत्वपूर्ण कागजात तथा दस्तावेजों को संभालकर रखें।

***मकर :*** आज आप अपनी किसी नकारात्मक आदत को छोडऩे का संकल्प करेंगे। इस कार्य में घर के बड़े बुजुर्गों का भी आशीर्वाद व सहयोग रहेगा। स्वास्थ्य बेहतर रहेगा।

***कुंभ :*** आज आपका समय मेहनत वाला रहेगा। व्यवसायिक गतिविधियों के लिए आपने जो लक्ष्य निर्धारित किया है, उसके लिए अभी और अधिक मेहनत की जरूरत है। दूरदराज के अपने संपर्क सूत्रों में और अधिक मजबूती लाने की जरूरत है। सरकारी सेवा वाले लोगों का काम ज्यादा रहेगा।

***मीन :*** आज घर परिवर्तन या यात्रा संबंधी कोई योजना बन रही है तो उसे अंजाम देने के लिए उचित समय है। किसी भी काम में घर के वरिष्ठ लोगों की सलाह अवश्य लें और उस पर अमल भी करें। आपके लिए यह बहुत ही लाभदायक रहेगा।